
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

***The change makers***

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 21 मई

1. **आतंक विरोधी दिवस–** भारत में 21 मई को आतंक विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता हैं यह दिवस इसलिए मनाया जाता है कि 21 मई, 1991 ई. में भारत के 17वें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या तमिलनाडु के पेरम्बदूर में कर दी गई थी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य शांति और मानवता का संदेश प्रदान करना है। साथ ही इस दिवस के माध्यम से यह युवाओं को सर्तक किया जाता है कि वे आतंकी गुटों में शामिल न हों। देश में आतंकवाद और हिंसा के खतरे से लोगों को सचेत तथा जागरूक करना है।

2. **अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस–** भारत की सिफारिश पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस घोषित किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपनी अधिसूचना में कहा "हम ग्रामीण अर्थव्यवस्थ में चाय के योगदान को लेकर जागरूक करना चाहते हैं, ताकि 2030 के सतत विकास से जुड़े लक्ष्यों को पूरा किया जा सके।" इसके पहले 15 दिसम्बर को चाय उत्पादन करने वाले देशों में अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। इसमें भारत, नेपाल, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, श्री लंका, तंजानिया के अलावा कई और देश शामिल हैं। हालांकि इसकी शुरूआत एक एनजीओ ने किया था। मई का महीना इसलिए चुना गया क्योंकि चाय उत्पादन के लिए यह महीना सबसे बेहतर माना जाता है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को चाय की खेती के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं के बारे में बतायें। यह भी बतायें कि विश्व के किन–किन देशों में या भारत के किस–किस राज्यों में चाय की खेती की जाती है?

3. **संवाद और विकास के लिए सांस्कृतिक विविधता का विश्व दिवस–** विश्व के सभी देशों की अपनी अलग भाषा, अलग परिधान और अलग–अलग सांस्कृतिक विशेषताएं हैं। इस दिवस को मनाये जाने का उद्देश्य सांस्कृतिक संवाद, विविधता और समावेशन के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों कर विविधता के संरक्षण और संवर्धन पर जोर देना है। यह दिन शांति और आपसी मेल–जोल का संदेश देता है। यूनेस्को ने वर्ष 2001 में अफगानिस्तान के बामियान की बुद्ध प्रतिमा को तोड़ने के परिणामस्वरूप 'सांस्कृतिक विविधता पर सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। जिसके बाद यूएन जेनरल असेम्बली ने 21 मई को संवाद और विकास के लिए सांस्कृतिक विविधता का विश्व दिवस के रूप में घोषित किया।

T u e s d a y

मधु प्रिया


# आतंकवाद विरोधी दिवस 21 मई




21 मई, 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या के बाद ही 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया गया। इस दिन हर सरकारी कार्यालयों, सरकारी उपक्रमों और अन्य सरकारी संस्थानों में आतंकवाद विरोधी शपथ दिलाई जाती है। चौधरी चरण सिंह के बाद राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री बने थे। वह तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक रैली को संबोधित करने गए थे। उसी दौरान एक महिला उनके सामने आई। महिला का संबंध आतंकवादी संगठन एलटीटीई से था। उसके कपड़ों के नीचे विस्फोटक छिपा था। वह जैसे ही राजीव गांधी का पैर छूने के लिए झुकी तेज धमाका हुआ। उस धमाके में राजीव गांधी समेत करीब 25 लोगों की मौत हो गई थी ।आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का मकसद। शांति और मानवता का संदेश फैलाना।आतंकी गुटों और वे कैसे आतंकी हमलों को अंजाम देने की योजना बनाते हैं, उसके बारे में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना। लोगों के बीच एकता को बढ़ावा देना।युवाओं को शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना ताकि वे आतंकी गुटों में शामिल न हों ।देश में आतंकवाद, हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों और पूरे देश पर खतरनाक असर के बारे में जागरूकता पैदा करना।

# पुण्यतिथि विशेष 21 मई

राकेश कुमार




**राजीव गाँधी** *Rajiv Gandhi*, जन्म: 20 अगस्त, 1944, मुंबई; मृत्यु: 21 मई, 1991) भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के पुत्र और भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दौहित्र और भारत के नौवें प्रधानमंत्री थे। उनका पूरा नाम **राजीव रत्न गांधी** था। राजीव गांधी भारत की कांग्रेस (इ) पार्टी के अग्रणी महासचिव (1981 से) थे और अपनी माँ की हत्या के बाद भारत के प्रधानमंत्री (1984-1989) बने। 40 साल की उम्र में देश के सबसे युवा और नौवें प्रधानमंत्री होने का गौरव हासिल करने वाले राजीव गांधी "आधुनिक भारत के शिल्पकार" कहे जा सकते हैं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 21.05.2024

## समानता

सिद्धांत रूप में, समानता का अर्थ है बिना किसी भेदभाव के लोगों के साथ एक जैसा व्यवहार करना , सभी के लिए समान अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करना। इसलिए, समानता इस विचार पर आधारित है कि किसी भी स्थिति, उत्पत्ति, विश्वास, दृढ़ विश्वास या किसी समान कारण से किसी को भी नुकसान नहीं होना चाहिए।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**ईरान** के राष्ट्रपति **इब्राहिम रईसी** का **रविवार** को हुए हेलीकॉप्टर क्रैश में **निधन** हो गया , इस बात की पुष्टि **पहाड़ो** में **दुर्घटनाग्रस्त** हेलीकॉप्टर के **मिलने** के बाद की गई ।

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 393

किस देश के राष्ट्रपति का निधन 19 मई 2024 को हेलिकॉप्टर क्रैस होने से हो गया ?

A. इजरायल

B. रूस

C. तुर्की

D. ईरान



सही उत्तर: D

## TOB बूझो तो जानें. .



**407**

रंग है उसका पीला,  तपाया है तो ढीला, पीटा है तो फैला, कीमती बहुत है यह ढेला .... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

## पेरिस ओलिंपिक के लिए भारतीय टेबल टेनिस टीम का ऐलान: शरत और मनिका छह सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे; जी साथियान रिजर्व खिलाड़ी

**पेरिस ओलिंपिक के लिए भारतीय टेबल टेनिस टीम**

**मेंस टीम :** शरथ कमल, हरमीत देसाई, मानव ठक्कर।
**रिजर्व :** जी साथियान।

**विमेंस टीम :** मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला, अर्चना कामथ।
**रिजर्व :** अयहिका मुखर्जी।

**मेंस सिंगल्स :** शरथ कमल, हरमीत देसाई।
**विमेंस सिंगल्स :** मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला।

**पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से होगा शुरू**

पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। भारत को टोक्यो में पहली बार एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल मिला था। नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में भारत के लिए ओलिंपिक में ट्रैक एंड फील्ड में पहली बार मेडल जीता था।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
21 मई
आतंकवाद विरोधी दिवस
के अवसर पर वैश्विक शांति व अहिंसा के प्रण के साथ
देश की एकता, अखंडता हेतु समर्पण के प्रति संकल्पित हों
Madhu priya
/teachersofbihar



डिजिटल क्रांति के जनक,सूचना तकनीकी के महानायक,पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय

# राजीव गांधी

जी की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म- 20 अगस्त, 1944 - मृत्यु- 21 मई, 1991

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

भारत के एक महान
पर्यावरण-चिन्तक एवं
चिपको आन्दोलन के प्रमुख
नेता



# सुन्दरलाल बहुगुणा

जी की पुण्यतिथि पर
शत्-शत् नमन।

जन्म-9 जनवरी 1927
मृत्यु-21 मई 2021

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

**पुण्यतिथि विशेष**

**21 मई 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा हमारे समाज में एक महान समानता लाने वाली होनी चाहिए।

**राजीव गाँधी**

**( भारत के पूर्व प्रधानमंत्री )**

**जन्म: 20 अगस्त 1944 मृत्यु: 21 मई 1991**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org